महत्वपूर्ण एवं खास

सड़क दुर्घटना में घायल को राजस्व स्थापना के कर्मचारियों ने दी 84 हजार की सहयोग

रायगढ़ । तहसील कार्यालय धरमजयगढ़ में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 श्री लालन सिदार की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर उनका इलाज जिंदल हास्पिटल में चल रहा है। श्री सिदार के उपचार हेतु राजस्व स्थापना जिला रायगढ़ के अंतर्गत कार्यरत जिला कार्यालय एवं सभी तहसील के लिपिक, पटवारी एवं भृत्यों से 84 हजार रुपये एकत्रित कर सहयोग दिया गया है।

लॉकडाउन के मद्देनजर उद्योगों के लिये एसओपी जारी

रायगढ़ । कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर 27 अप्रैल 2021 रात्रि 12 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। अतएव निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त द्वारा जारी निम्नांकित एसओपी मानक प्रचालन/संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करते हुये उद्योग विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करना सुनिश्चित करें। समस्त कारखाना/औद्योगिक संस्थान के संचालक/प्रबंधक अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी मजदूरों/श्रमिकों के आने के उपरांत इसकी सूचना उद्योग विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को देगा साथ ही साथ प्रवासी मजदूरों/श्रमिकों को शासन के दिशा-निर्देश का पालन करते हुये क्वारेंटाईन में रखे जाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कार्यस्थल पर फेस मास्क पहनना अनिवार्य होगा। सोशल डिस्टेसिंग/फिजीकल डिस्टेसिंग का पालन अनिवार्यतः किया जावे। बाहर से आने वाले श्रमिकों के लिये सार्वजनिक यातायात के साधनों पर निर्भर न रहते हुये परिवहन की विशेष बनायी जाये। ऐसे वाहनों की यात्रा क्षमता का 30-40 प्रतिशत उपयोग की अनुमति दी जाये। परिसर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों एवं मशीनों को अनिवार्यतः स्प्रे कर सेनेटाइज किया जाये। कार्यस्थल पर आने वाले तथा जाने वाले सभी मजदूर, श्रमिक की अनिवार्यतः थर्मल स्क्रीनिंग की जावे। हेण्डवाश एवं सेनेटाइजर जो स्पर्शमुक्त प्रणाली युक्त हो, का प्रावधान समस्त आगम एवं निर्गम द्वारों पर किया जाये। कार्यस्थल पर दो पालियों के मध्य एक घंटे का अंतर रखा जाये तथा सोशल डिस्टेंस के पालन के लिये भोजन अवकाश में भी समय अंतराल रखा जाये। जिले में आगामी आदेश पर्यन्त धारा 144 लागू है। अतएव दस या अधिक व्यक्तियों के एक जगह इकट्ठा होने अथवा बैठकों को हतोत्साहित किया जाये। कार्यस्थल में बैठकों, परीक्षण कार्यक्रमों आदि में बैठने के लिये 6 फीट की दूरी बनाकर रखी जाये। वर्क फाम होम को बढ़ावा दिया जाये। संपूर्ण कार्यस्थल, सामान्य सुविधाओं और मानव संपर्क में आने वाले सभी बिन्दुओं की बार-बार सफाई सुनिश्चित की जावे। संपूर्ण कार्यस्थल, सामान्य सुविधाओं और मानव संपर्क में आने वाले सभी बिन्दुओं की बार-बार सफाई सुनिश्चित की जावे। लिफ्ट इत्यादि में 2 से 4 क्षमता के अनुसार व्यक्तियों को चढ़ने की अनुमति दी जाये। गुटखा, तम्बाकू इत्यादि के उपयोग तथा थूकने पर सख्त प्रतिबंध होगा। आसपास के अस्पताल एवं क्लिनिक जो कोविड-19 के उपचार के लिये अधिकृत हो को चिन्हित कर सूची कार्यस्थल पर हर समय पर उपलब्ध करायी जाये। उपरोक्त आदेश एवं दिशा-निर्देशों के उल्लंघन करते हुये पाये जाने पर संबंधित कारखाना /औद्योगिक संस्थान के संचालक/प्रबंधक/व्यक्ति के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60, भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 तथा अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों जैसे लागू हो के अंतर्गत कार्यवाही के भागी होगे। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

ऑक्सीजन बेड बढ़ाने का काम युद्धस्तर पर जारी, कलेक्टर सिंह ने संभाल रखा है मोर्चा

» केआईटी के फर्स्ट फ्लोर में मशीन से लिफ्ट कर पहुंचाया जा रहा ऑक्सीजन सिलेंडर » केआईटी 200, मेडिकल कॉलेज 60, लोइंग 30, लैलूंगा 20, सारंगढ़ 50 ऑक्सीजन बेड होने जा रहा है शुरू

रायगढ़ । जिले में कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन बेड व इलाज सुविधाएं, मेडिकल स्टाफ बढ़ाने का काम भी उसी तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर भीम सिंह ने इसके लिए खुद मोर्चा संभाल रखा है। रायगढ़ शहर में संचालित शासकीय कोविड अस्पतालों के साथ विकासखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी ऑक्सीजन बेड बढ़ाये जा रहे हैं। केआईटी स्थित कोविड केअर सेंटर में ऑक्सीजन बेड बढ़ाने का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। केआईटी के फर्स्ट फ्लोर में 100 ऑक्सीजन बेड के साथ प्रशासनिक भवन में भी शुरुआत में 60 बेड शुरू करने जिसे बढ़ाते हुए 100 तक करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने दिए। इस प्रकार केआईटी में कुल 200 ऑक्सीजन बेड बढ़ाये जा रहे हैं। पहले से ही यहाँ 100 ऑक्सीजन बेड मौजूद है। बढ़े हुए बेड के साथ यहां 300 ऑक्सीजन सुविधा युक्त बेड की व्यवस्था हो जाएगी।

केआईटी के फर्स्ट फ्लोर में मशीन से लिफ्ट कर पहुंचाया जा रहा ऑक्सीजन सिलेंडर- केआईटी के ग्राउंड फ्लोर 100 आक्सीजन बेड संचालित है। इसे बढ़ाते हुये फर्स्ट फ्लोर पर भी ऑक्सिजनेटेड वार्ड तैयार करने का निर्णय लिया गया। भारी ऑक्सीजन सिलेंडरों को वहां तक तेजी से पहुंचाने की चुनौती को देखते हुए कलेक्टर सिंह के निर्देश पर नगर निगम से स्काई लिफ्ट और जिंदल से हायड्रा मशीन को लगाया गया है। सिलेंडर्स को उपर चढ़ाने और वार्ड तक ले जाने के लिए भी मैन पावर लगाए गए हैं। कलेक्टर भीम सिंह आज इसके निरीक्षण में पहुंचे। वहां उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिससे सिलेंडर आसानी व सुरक्षित तरीके से फर्स्ट फ्लोर में तेजी से पहुंचायी जा सके। इसके साथ ही केआईटी के प्रशासनिक भवन में भी ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था करने कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने वहां फौरी तौर पर 60 बिस्तर लगाने के निर्देश दिए। जिसे बढ़ाते हुए 100 तक किया जाएगा। इसके लिये उन्होंने बेड, लाइट, पंखे, कूलर इत्यादि की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज में ग्राउंड फ्लोर में 60 बेड लगाए जा चुके हैं। जिसके निर्देश कलेक्टर सिंह ने पिछले दिनों अपने निरीक्षण के दौरान दिए थे। आज कलेक्टर सिंह ने यहां का भी निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इनके साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त बेड बढ़ाने के लिए वहां के अन्य वार्डों का निरीक्षण कर कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर में सीजीएमएससी के ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट के सपोर्ट से 24 बेड को जल्द चालू करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान एडीएम राजेन्द्र कटारा, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केसरी, आयुक्त नगर निगम आशुतोष पाण्डेय, ज्वाइंट कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, डिप्टी कलेक्टर पी.के.गुप्ता, ईई पीडब्लूडी खांबरा, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, मेडिकल कालेज के प्रभारी डीन डॉ.यास्मीन खान, मेडिकल के अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज व मेडिकल कालेज के अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

दूसरे जगहों पर भी बढ़ा रहे हैं ऑक्सीजन बेड- इस दौरान कलेक्टर सिंह ने कहा कि ऑक्सीजन बेड के लिए परसदा के 36 बेड जिंदल हॉस्पिटल, लोइंग के 30 बेड, लैलूंगा में 25 बेड को तत्काल चालू करने के निर्देश दे दिये गए हैं। इसके साथ ही सारंगढ़ में 50 बेड भी चालू किया जा रहा है। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 20-20 ऑक्सीजन बेड तैयार करने निर्देश सीएमएचओ डॉ.केसरी को दिये हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को वहां तात्कालिक राहत मिल सके।

ऑक्सीजन बेड वाले अस्पतालों में बढ़ाएं मेडिकल स्टाफ- कलेक्टर सिंह ने इसके साथ ही डॉक्टर्स, नर्सिंग व मेडिकल स्टाफ की संख्या ऑक्सीजन बेड वाले अस्पतालों में जरूरत के अनुसार बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्डबॉय की संख्या बढ़ाने के लिए कहा। शासन स्तर से 20 डॉक्टर्स को जिले में नियुक्त किया गया है। कलेक्टर सिंह ने उनसे संपर्क कर तकाल जॉइनिंग करवाने के निर्देश एडीएम राजेन्द्र कटारा को दिया। इसके साथ ही जिले में संचालित शासकीय व निजी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं की भी ड्यूटी कोविड अस्पतालों में लगाने के निर्देश सीएमएचओ को दिए।

कोविड अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश- कलेक्टर सिंह के निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में परिजनों के प्रवेश करने और एमसीएच में तोड़ फोड़ की बात सामने आई। कलेक्टर सिंह ने एमसीएच का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि परिजनों को अस्पताल के भीतर नहीं जाने दिया जाए। इससे परिजनों में भी संक्रमण का खतरा होता है।

परिजनों से की बात- निरीक्षण के दौरान अस्पताल के बाहर कुछ परिजन भी मौजूद थे। कलेक्टर सिंह ने उनसे बात कर उनके भर्ती परिवारजनों का हाल चाल जाना। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को अपने हेल्पलाइन नंबर्स को हमेशा चालू रखने के निर्देश दिए।

कोरोना टीकाकरण महाअभियान की कार्य योजना शीघ्र तैयार करें-मुख्यमंत्री

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की संयुक्त बैठक में आगामी 1 मई से राज्य में शुरू होने वाले कोरोना टीका करण महा अभियान की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एक मई से 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोरोना से बचाव के लिए शुरू होने वाले टीकाकरण महा अभियान की कार्य योजना शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण अभियान के लिए करोना वैक्सीन की आवश्यकता और इसकी आपूर्ति की व्यवस्था की सुनियोजित कार्ययोजना बनाई जाये। उन्होंने कहा कि टीकाकरण केंद्रों तक वैक्सीन की सप्लाई आदि की बेहतर व्यवस्था हो ताकि टीकाकरण अभियान सुचारू रूप से संचालित होता रहे और हम इसके जरिए संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य में सफल हो। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को टीकाकरण महा अभियान की निगरानी के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती के साथ ही टीकाकरण केंद्रों के चयन, वहां की व्यवस्था और वैक्सिनेशन टीम के गठन सुनिश्चित करने को कहा । उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान के संबंध में भारत सरकार से जो जानकारी प्राप्त करना है वो भी शीघ्र प्राप्त कर ले।

चोरी के संदेह पर डंडा, हाथ मुक्कों से मारपीट पर हुई थी अधेड़ व्यक्ति की मौत, मर्ग जांच पर चार लोगों पर हत्या का नामजद अपराध दर्ज, तमनार क्षेत्र की घटना

रायगढ़। थाना तमनार में दिनांक 20.04.2021 को ग्राम लालपुर के कोटवार महेत्तर चौहान द्वारा लालपुर के सेम्हर भाना खेत में महुआ पेड़ के नीचे ग्राम उरबा के राजाराम राठिया पिता तिहारूराम राठिया उम्र 50 वर्ष को मृत हालात में पड़े की सूचना दिया। सूचनाकर्ता बताया कि राजाराम शराब पीने का आदी था रोज शराब पीता था, उसके शरीर पर कोई चोट दिखाई नही दे रहा है। थाना तमनार में मर्ग क्रमांक 23/2021 धारा 174 जाफौ पंजीबद्ध कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया जाकर शव का पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। पीएम रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृतक की चोट को हत्यात्मक प्रकृति का होना लेख किया गया है। मर्ग जांच दौरान गवाहों ने बताया कि दिनांक 19/04/2021 को सुबह करीब 10 बजे लालपुर के रामलाल कलंगा के घर राजाराम राठिया आया था, उसके आने की जानकारी होने पर लालपुर के लीलस कलंगा एवं उसका लडका छोटू कलंगा दोनों रामलाल कलंगा के घर आये और राजाराम राठिया को मखना और टांगा चोरी किये हो कहकर हाथ, मुक्का, थप्पड से मुंह चेहरा छाती में मारते हुए राजाराम को खींचकर चीनी नाला के आगे ले गये और गांव का बकरा भी चोरी किये हो कहकर मारपीट रहे थे जिसे सुनकर मिलूपारा की करमाबाई और उसका लडका बिक्रम कलंगा भी डंडा, मुक्का से तथा अन्य लोग भी चोर-चोर कहकर मारने लगे। उनके मारपीट से राजाराम फौत हो गया। घटना के संबंध में आज थाना तमनार में लीलस कलंगा, उसका लडका छोटू कलंगा निवासी लालपुर तथा करमाबाई और उसका लडका बिक्रम कलंगा एवं अन्य के विरूद्ध धारा 302,34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक किरण गुप्ता, हमराह स्टाफ के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये रवाना हुई हैं।

पुलिस हेल्प डेस्क से 10 दिनों में 7,800 जरूरतमंदों तक पहुंची राहत

» सभी थानाक्षेत्र में जरूरतमंदों का रखा जा रहा है ख्याल

रायगढ़। रायगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की पहल पर दिनांक 15.04.2021 से जरूरतमंदों के लिये प्रारंभ की गई पुलिस हेल्प डेस्कसे जरूरतमंदों को काफी हद तक राहत मिल रही है। जिला पुलिस द्वारा जिले के गणमान्य नागरिकों को जरूरतमंदों में फूड पैकेट, ड्राई राशन व अन्य आवश्यक वस्तुओं के वितरण करने हेतु सहयोग की अपील की गई थी। कई गणमान्य नागारिकों, समाजसेवियों, फैक्टरी प्रबंधन, महिला समूहों, थाना/चौकी प्रभारियों व स्टाफ द्वारा जरूरतमंदों को वितरण ड्राई राशन उपलब्ध कराये गये हैं तथा नियमित रूप से कुछ संगठनों व समाजसेवियों द्वारा पका हुआ भोजन की व्यवस्था की जा रही है, जिसे पुलिसकर्मियों के माध्यम से प्रतिदिन वितरण किया जा रहा है। निसहाय, भिच्छुक एवं घूमंतू किस्म के व्यक्तियों के दोनों वक्त के भोजन की व्यवस्था प्रभारियों द्वारा की गई है।

चौकी प्रभारी खरसिया नंद किशोर गौतम द्वारा रायगढ़ चौक में बैठे निसहाय व्यक्ति जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नही है, उसके लिए प्रतिदिन की भोजन व्यवस्था कराया गया है। चौकी प्रभारी जोबी सहायक उप निरीक्षक प्रेमसाय भगत द्वारा जोबी क्षेत्र में रहने वाले निसहाय एवं भिच्छुक किस्म के व्यक्तियों के घर घर जाकर दो सप्ताह का ड्राई राशन की मदद की गई है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पंच, सरपंचों द्वारा जरूरतमंदों में वितरण के लिये चावल, आलू, प्याज आदि की व्यवस्था की जा रही है। चौकी प्रभारी कनकबीरा उप निरीक्षक गिरधारी साव बताये कि गांवों में जाकर सरपंचों से मिलकर निसहाय व्यक्तियों की मदद के लिये कहा गया जिस पर लगभग सभी पंचायतों से मदद मिल रही है।

थाना प्रभारी कोसीर उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल बताये कि ग्राम पंचायत लेंध्रा छोटे कंटेनमेट जोन होने के कारण आवागमन बंद होने पर गाव के लोगों से उनकी समस्या पूछी गई। कुछ लोगों ने सब्जी, फल, सूखा राशन उपलब्ध कराने की बात बोले जिस पर फूड पैकेट, फल का वितरण गांव के सरपंच, पुलिस मित्र व थाना कोसीर स्टाफ के माध्यम से कराया गया।

पिछले 10 दिनों में रायगढ़ पुलिस की हेल्प डेस्क व थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा क्षेत्र में करीब 7,800 लोगों में ड्राई राशन/पक्का हुआ भोजन पैकेट का वितरण किया जा चुका है। पुलिस हेल्प डेस्क के नंबर 94791-93208 में लगातार जरूरतमंदों द्वारा मदद के लिए व सहयोगकर्ताओं द्वारा सहयोग के लिए कॉल किए जा रहे हैं।

शहीद उप निरीक्षक मुरली तांती को अधिकारियों ने सलामी देकर किया अंतिम संस्कार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अपहृत जवान उप निरीक्षक मुरली तांती का माओवादियों ने हत्या कर दी, जिसके बाद आज पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में शहीद जवान का अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना के संबंध में पुलिस अधिकारियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वर्ष 2018 में जिला बीजापुर से स्थानांतरण पर जिला बस्तर आमद देने के पश्चात् उप निरीक्षक मुरली तांती विगत 03 वर्ष जिला बस्तर में तैनात होकर कार्यरत् है। इस दौरान 22.04.2021 को सूत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि उप निरीक्षक मुरली तांती को उनके गृहग्राम पालनार, थाना गंगालूर, जिला बीजापुर से कुछ माओवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। उक्त जानकारी मिलने पर आसपास के सुरक्षा कैम्पों से उप निरीक्षक मुरली तांती की पतासाजी हेतु बल रवाना किया जाकर लगातार थाना गंगालूर एवं उस क्षेत्र में सर्चिंग अभियान की कार्यवाही की गई। उप निरीक्षक मुरली तांती के पतासाजी हेतु उनके परिजन, ग्रामीण एवं समाज के लागों द्वारा भी आसपास क्षेत्र में खोजबीन गई।

कोविड मरीजों के लिये तेजी से बढ़ाएं ऑक्सीजन बेड- उच्च शिक्षा मंत्री उमेश

» उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने जिले में कोविड प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की

» जिले में ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ाकर 1 हजार करने का लक्ष्य

» केआईटी 200, मेडिकल कॉलेज 60, लोइंग 30, लैलूंगा 25, सारंगढ़ 50 ऑक्सीजन बेड होने जा रहा है शुरू

रायगढ़ । उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने आज विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में कोविड संक्रमण से निपटने व इसके रोकथाम के लिये किये जा रहे प्रयासों व आगे की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिले में तेजी से ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में भी कोविड के लिये आरक्षित बेड की संख्या बढ़ाएं जाएँ। उन्होंने कहा कि जिले में ऑक्सीजन बेड की संख्या जल्द बढ़ाकर 1 हजार करनी है। इसके लिये जरुरी मैन पॉवर की ड्यूटी कोविड अस्पतालों में लगाई जाये। पीपीई किट, मास्क व अन्य सुरक्षा सामग्री की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था रखी जाये। उन्होंने डॉक्टर्स से कहा कि मरीजों से बात-चीत कर लगातार उनका मनोबल बढ़ाएं। इसके साथ ही होम आइसोलेटेड मरीजों का नियमित फॉलोअप करें। जिससे उनके स्वास्थ्य की नियमित ट्रैकिंग हो और यदि उसे जरुरत हो तो उसकी स्थिति गंभीर होने से पहले समय से उसे अस्पताल में भर्ती किया जा सके। उन्होंने शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार लक्षणयुक्त मरीजों को दिए जाने वाले दवाई की किट तैयार करवा कर उसे बंटवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने जिले में संचालित कोविड हॉस्पिटल्स एवं उनमें तैयार किये गए आईसीयूए ऑक्सीजन व नार्मल बेड की जानकारी ली। उन्होंने कोविड अस्पतालों में तेजी से ऑक्सीजन बेड बढ़ाने और ऑक्सीजन सिलेंडर पर्याप्त मात्रा रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ाकर 1000 करनी है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि जिले में वर्तमान में सभी अस्पताल वार संचालित सभी प्रकार के बेड्स की जानकारी दी। केआइटी में 100 ऑक्सीजन बेड संचालित है तथा 200 बेड और बढ़ाये जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में 200 ऑक्सीजन बेड संचालित हैं। ग्राउंड फ्लोर में 60 बेड और बढाने के साथ टॉप फ्लोर पर भी बेड तैयार करने की दिशा में काम हो रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों लोइंग में 30, लैलूंगा में 25, सारंगढ़ में 50 ऑक्सीजन बेड तैयार किये जा रहे हैं, जो जल्द शुरू होने जा रहे हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों को भी शासन के निर्देशानुसार उनके पास उपलब्ध बेड का 50 प्रतिशत बेड कोविड उपचार के लिये आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। तमनार के जिंदल अस्पताल को अधिग्रहित किया जा रहा है। पूंजीपथरा में भी 150 बेड का कोविड केयर सेंटर खोलने की तैयारी चल रही है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध है। गंभीर मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज व एमसीएच हॉस्पिटल में वेंटीलेटर की व्यवस्था भी की गयी है। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने वेंटीलेटर की संख्या भी बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा सामाग्री व उपकरणों तथा मैन पावर के लिए डीएमएफ की राशि का उपयोग करने के लिए कहा। जिला प्रशासन द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर्स के लिए फ्लोमीटर की मांग पर इसकी व्यवस्था जल्द करवाने की बात कही।

उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने जिले में रेमडेसिविर की सप्लाई व उसकी वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने आपूर्ति के अनुसार जरुरतमंद मरीजों को रेमडेसिविर सीधे अस्पतालों में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने उन्होंने मेडिकल कॉलेज में सीसीटीवी लगाने का कार्य जल्द पूरा करने के लिए कहा। इलाज कर रहे डॉक्टर्स को वार्डों में मरीजों का लगातार हौसला बढ़ाते रहने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि मनोबल बढ़ने से मरीज भी जल्दी स्वस्थ होते हैं। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कोविड हॉस्पिटल्स में कार्यरत डॉक्टर्स व अन्य मेडिकल स्टाफ की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बेड बढ़ाने के साथ ही डॉक्टर्स व मेडिकल स्टाफ की संख्या बढाई जाये। कलेक्टर सिंह ने बताया कि जिले के विभिन्न शासकीय अस्पतालों में पदस्थ चिकित्सकों को कोविड हॉस्पिटल में तैनात किया गया है। इसके साथ ही शासन स्तर से 20 चिकित्सकों की पदस्थापना की गयी है जो जल्द ज्वाइन करने वाले हैं। नर्सिंग स्टाफ बढ़ाने जिले में संचालित नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं की ड्यूटी लगाई जा रही है। वार्डबॉय, सफाई कर्मचारी व ऑक्सीजन सिलेंडर हैंडल करने के लिये हमाल भी तैनात किये गए हैं। स्टाफ बढ़ाने के लिये नए पदों के विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के खानपान की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरी सलाह पर मरीजों की स्थिति के अनुसार लिक्विड डाइट को भी उनके भोजन में शामिल करने के लिए कहा। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस बैठक में विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक सारंगढ़ श्रीमति उत्तरी गनपत जांगडे, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, महापौर नगर निगम रायगढ़ श्रीमति जानकी काटजू, कलेक्टर भीम सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, सीएमएचओ डॉ एस.एन.केसरी व मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ.यास्मीन खान, मेडिकल कॉलेज सुपरिंटेंडेंट डॉ मनोज मिंज, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय शामिल हुए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480